सके। साथ ही रेलवे की खाली जमीन करने का आश्वासन दिया।

दैनिक भास्कर 13/9/25 पेज नं: -2

# हिंदी दिवस पर भाषण स्पर्धा में रामप्यारी ने पाया प्रथम स्थान



भाषण प्रतियोगिता में भाग लेते हुए प्रतिभागी।

**भास्कर न्यूज** | महम

राजकीय महाविद्यालय में हिंदी विभाग की ओर से हिंदी दिवस पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का विषय \'इंटरनेट युग में हिंदी, संस्कृति का संबंध तथा भाषा का महत्व\' रखा गया। छात्रों ने अपनी प्रस्तुति में हिंदी भाषा और भारतीय संस्कृति पर विचार साझा किए। इस अवसर पर प्राचार्य सत्यव्रत ने विद्यार्थियों को मातृभाषा के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा रामप्यारी ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर अनुज और तृतीय स्थान पर वंशिका रहीं। निर्णायक मंडल में अनिल, रोमी ने अपनी भूमिका निभाई। कार्यक्रम में विजेताओं को सम्मानित किया।